<><><><><><><>

- स्वतंत्रता दिवस समारोह के पूर्वाभ्यास और मुख्य समारोह के लिए यातायात व्यवस्थाओं में परिवर्तन किया गया है।
- वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आज नए इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन हुआ।
- स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत पद्मश्री से सम्मानित और स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बैसडर नरेश चंद्र लाल ने डॉलीगंज के राजकीय माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया।
- हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में इकत्तीस अगस्त को जे.एन.आर.एम फुटबॉल स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाएगा।

<><><><><><><>

कल स्वतंत्रता दिवस समारोह के पूर्वाभ्यास और मुख्य समारोह के लिए यातायात व्यवस्थाओं में परिवर्तन किया गया है। इसमें मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों के लिए विभिन्न स्तरों पर व्यवस्थाएं की गई हैं। अबरडीन जेट्टी से रॉस द्वीप, नॉर्थ बे आदि तक पर्यटकों को ले जाने वाली निजी पर्यटक नौकाओं को तेरह से पंद्रह अगस्त को जंगलीघाट जेट्टी पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। कल के फुल ड्रेस रिहर्सल को देखते हुए यातायात की व्यवस्था की गई है। सेल्यूलर जेल की ओर जाने वाले वाहनों पर सुबह सात बजे से ग्यारह बजे तक प्रतिबंध रहेगा। इन वाहनों को दूसरे मार्गों से बंगाली क्लब की ओर मोड़ा जाएगा। साउथ पॉइंट से अबरडीन बाजार जाने वाले वाहनों को साउथ पॉइंट, शादीपुर, नया गाँव जंक्शन, पुलिस लाइन, रविंद्र बांग्ला विद्यालय और सचिवालय जंक्शन से गोलघर की ओर जाने की अनुमति होगी। यातायात की यह व्यवस्था कल और पंद्रह अगस्त के दिन लागू रहेगी।

<><><><><><><>

वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आज नए इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया गया। हवाई अड्डा परिसर में स्थित यह ई.वी. चार्जिंग स्टेशन यात्रियों, हवाई अड्डे के कर्मचारियों और आम जनता की सेवा के लिए बनाया गया है, जिससे कार्बन उत्सर्जन को कम करने और क्षेत्र में पर्यावरण–अनुकूल परिवहन बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने पर सहायता मिलेगी। लगभग एक घंटे में एक इलेक्ट्रिक वाहन को पूरी तरह चार्ज कर सकता है। हवाई अड्डा निदेशक देवेंद्र यादव ने कहा कि यह पहल स्थिरता और नवाचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह नई सुविधा श्री विजयपुरम में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा

देने और हवाई अड्डे से आने–जाने वाले इलेक्ट्रिक वाहन उपयोगकर्ताओं की सुविधा बढ़ाने के एक बड़े प्रयास का हिस्सा है।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के सांसद बिष्णु पद रे ने कल नई दिल्ली में भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव से मुलाकात की और द्वीप समूह में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की स्थिति पर चर्चा की। सांसद ने सचिव के समक्ष द्वीप समूह के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों और स्टाफ में वृद्धि जैसे मुद्दों पर चर्चा की।

<><><><><><><>

स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत आजपद्‌मश्री से सम्मानित और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बैसडर नरेश चंद्र लाल ने डॉलीगंज स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से अपने विद्यालय परिसर के साथ–साथ अपने–अपने समाज में भी स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री लाल ने छात्रों से उन पदार्थों से दूर रहने का आग्रह किया जो उनके तन और मन को नुकसान पहुँचाते हैं। इसके साथ ही ऐतिहासिक सेल्यूलर जेल के बारे में भी विद्यार्थियों को जागरुक किया और स्वतंत्रता आंदोलन में इसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने प्रत्येक छात्र से पूर्ण समर्पण, ईमानदारी और निष्ठा के साथ देशभक्ति के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य साधना फलिया और सर्वपुथिरन भी उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने आज श्री विजयपुरम स्थित मुख्य प्रशासनिक भवन में एक फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया। यह अभ्यास आपदा प्रबंधन के नोडल अधिकारी की देख–रेख में आयोजित किया गया और इसमें सभी विभागीय कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अभ्यास में कुल एक सौ अटठारह कर्मचारियों को यात्री हॉल के सुरक्षित क्षेत्र में सकुशल पहुँचाया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य आग, सुनामी और अन्य आपात स्थितियों जैसी आपदाओं के प्रति तत्परता को प्रदर्शित करना और आम नागरिक को हर परिस्थिति में सुरक्षा का एहसास कराना था।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार फुटबॉल संघ के सहयोग से हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में इकत्तीस अगस्त को सुबह नौ बजे से जे.एन.आर.एम फुटबॉल स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाएगा।

इस अवसर पर सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप राजमाता जीजाबाई ट्रॉफी दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट और चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट और चयन ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक सभी टीमों और खिलाड़ियों को ए.एन.एफ.ए के माध्यम से ए.आई.एफ.एफ में अपना पंजीकरण कराना होगा।

<><><><><><><>

अंडमान कॉलेज में शैक्षणिक वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए यू.जी पाठ्यक्रमों की अंतिम मेरिट सूची कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल की वेबसाइट collegeadmission.andaman.gov.in पर अपलोड कर दी गई है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सी.सी.ए.पी से मेरिट सूची की एक प्रति डाउनलोड करें और प्रवेश परामर्श के दिन सुबह नौ बजे से पहले ए.एन.सी.ओ.एल में उपस्थित हों। उम्मीदवार प्रमाणपत्रों के एक सेट के साथ आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएँ।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग के अंतर्गत नयागांव स्थित मीठे पानी के मछली बीज फार्म ने भारतीय मेजर कार्प के मछली बीज तैयार किए हैं और दक्षिण अंडमान जिले के अंतर्गत मीठाखाड़ी, नामुनाघर और कोलिनपुर ग्राम पंचायत के इच्छुक मत्स्य पालक अपनी–अपनी ग्राम पंचायतों से सुबह नौ से ग्यारह बजे के बीच मछली बीज खरीद सकते हैं। फ्राई आकार के प्रत्येक ऑक्सीजनयुक्त मछली के बीज के पैकेट की कीमत एक सौ पैंतीस रुपये है।

<><><><><><><>

शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए मुख्य भूमि संस्थानों में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के छात्रों के लिए आरक्षित विभिन्न व्यावसायिक, तकनीकी और गैर–तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन किया है, उन्हें सूचित किया जाता है कि बी.एड (भोपाल) और बी.ई अथवा बी.टेक लेटरल एंट्री सीटों की रिक्त सीटों के साथ विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए काउंसलिंग बीस अगस्त को सुबह दस बजे से टैगोर गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सभागार में आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>